भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या – 4234**
दिनांक 20.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**द्वितीय सचिव के रिक्त पद**

4234. **श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवालः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने वर्ष 2022 में सुवा, फिजी में भारतीय उच्चायोग में द्वितीय सचिव (हिंदी और संस्कृति) की रिक्ति को भरने के लिए यूपीएससी के माध्यम से साक्षात्कार आयोजित किया था;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) क्या चयनित उम्मीदवारों को नियुक्त किया गया था;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ड.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और चयनित उम्मीदवारों को कब तक नियुक्त किये जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**
(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) से (ड.) जी, हां। दिसंबर 2022 में, तत्कालीन लागू नियमों और विनियमों के अनुसार भारतीय उच्चायोग, सुवा, फिजी में द्वितीय सचिव (हिंदी और संस्कृति) के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयन की प्रक्रिया में यूपीएससी से परामर्श किया गया था। तथापि, शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया था।

*****